472. भोजमति राठिया, पेलमा, तमनार – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड, रायगढ़ की आयोजित होने वाली जनसुनवाई दिनांक 03.04.2021, स्थान–बंजारी मंदिर प्रांगण, तराईमाल का विरोध करने बाबत्। मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इंडिया प्राईवेट लिमिटेड स्थान–पूंजीपथरा की आयोजित होने वाली जनसुनवाई दिनांक 03.04.2021, स्थान–बंजारी मंदिर, तराईमाल इन बिन्दुओं के आधार पर हम विरोध करते है :– केन्द्रीय वन, पर्यावरण मंत्रालय की अधिसूचना 14 दिसम्बर 2006 के तहत किसी भी कंपनी के आवेदन जमा करने से 45 दिवस के अंदर जनसुनवाई का आयोजन राज्य सरकार के द्वारा किया जाना चाहिए अगर किन्ही परिस्थिति वश राज्य सरकार 45 दिवस के अंदर जनसुनवाई का आयोजन नहीं करवा पाती तो उन परिस्थितियों में केन्द्रीय पर्यावरण एक समिति का गठन करेगा जो संबंधित कंपनी का जनसुनवाई का आयोजन करेगा, इन कंपनी के द्वारा जो आवेदन किया गया है वह करीब 01 वर्ष हो गया है जो कि 365 दिवस से ज्यादा आवेदन करने का समय हो चुका है, इस तरह आज की जनसुनवाई केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय की अधिसूचना 14 दिसम्बर 2006 के नियमों का उल्लंघन है। इसलिये इस जनसुनवाई को तत्काल निरस्त किया जाये (2) आज की कंपनी की होने वाली जनसुनवाई की जो ई.आई.ए. इसमें जानकारिया लगाई जाये, वह अन्य होने वाली जनसुनवाइयों इन कंपनियो की ई.आई.ए. का रिपोर्ट लगाई गई है, उपरोक्त जानकारिया करीब 05–06 साल पुरानी है, इसलिये केन्द्रीय जलवायु परिवर्तन विभाग ने लिख के आदेश अनुसार किसी भी कंपनी की जनसुनवाई में 03 वर्ष के पुराने डेटा का उपयोग नहीं किया जा सकता। परन्तु इस ई.आई.ए. में जो भी जानकारी दी गई है वह 2011 के जनगणना के अनुसार है इसलिये यह जनसुनवाई अवैध है एवं अनलिगल है इसलिये आज की जनसुनवाई का हम विरोध करते है। यह क्षेत्र हाथी प्रभावित है जहां हाथियों द्वारा आस–पास खेतो को कृषि फसल नुकशान एवं कभी–कभी गांव में मानव क्षति पहुचाति है जिसकी क्षतिपुर्ति के रूप में रायगढ़ वन विभाग द्वारा कृषि क्षतिपूर्ति एवं मानव क्षतिपुर्ति के साथ ही हाथियों के भोजन एवं रख–रखाव के लिये 40 करोड़ रूपये से ज्यादा खर्च किये जाते है। इन परिस्थितियों में ई.आई.ए. के अंदर इसका विवरण नहीं दिया गया है। तैयार किये गये दस्तावेज भी दिखाई नहीं देते है जिससे यह कहा जा सकता है इस क्षेत्र की बनाई गई ई.आई.ए. सच्चाईयों से कोई वास्ता नहीं रखती जो केन्द्रीय वन, पर्यावरण मंत्रालय के नियमों का सीधा–सीधा उल्लंघन है इसलिये इस जनसुनवाई को निरस्त कर जमीनी स्तर पर अध्ययन करवाने की आवश्यकता है। क्षेत्र में कोयला खदान, पॉवर प्लांट एवं स्थानिय उद्योगो के लिये चलने वाले ट्रको के व्यापक पैमाने पर दुर्घटनाये होती है जिसका विवरण इन दस्तावेजों में नहीं दिया गया है। आने वाले समय में जब कंपनी का विस्तार होगा एवं नई कंपनी की स्थापना होगी जिससे सड़को में व्यापक पैमाने पर दबाव रहेगा जिसमें दुर्घटनाओं में व्यापक पैमाने पर बड़ोतरी होगी इनका विवरण इन दस्तावेजो में उपलब्ध कराया गया है कि प्रशासन द्वारा होने वाले दुर्घटनाओं को कैसे रोका जायेगा, जबकि सड़के दो लाईन की है वाहन क्षमता को विस्तार देते हुये 4 लाईन बनाने की अतिआवश्यक है जिससे यह क्षेत्र मे चलने वाले वाहनों से दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस 10 किलोमीटर के क्षत्र में प्राईमरी, मिडिल, हायर सेकेण्डरी 40 से ज्यादा स्कूले है जहां कभी भी स्कूलों में पड़ने वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं करवाया गया। जिससे ये पता चल सके की रायगढ़ जिले के तमनार विकासखण्ड के अंदर औद्योगिकीकरण की वजह से हम जनमानस स्वास्थ्य को

लेकर किस तरह प्रभावित पड़े है। जो कि इस क्षेत्र में सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारियां पाई गई है जिसका विवरण इस 10 किलोमीटर के क्षत्र में 70 से ज्यादा आंगनबाड़ी है जहा 01 वर्ष से 06 वर्ष तक के बच्चे/बच्चीयां इन आंगनबाड़ी में पढ़ती है जिनका आज तक कभी भी स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराया गया है जिससे यह पता चल सके कि आंगनबाड़ी मे पढ़ने वाले बच्चो के स्वास्थ्य, जीवन पर किसी तरीके का प्रभाव पड़ा हैं, जबकि देखा गया कि इस क्षेत्र में इस्नोपिलिया, दमा, टी.बी. है, कैसर, शरीर में चर्म रोग जैसे बीमारी पाई गई है। इनके लिये ना कोई किसी कंपनी द्वारा और ना ही सरकार द्वारा किसी भी प्रकार के कैम्प का आयोजन अब तक नहीं किया गया है। जिससे लोगो के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जिंदल औद्योगिक पार्क पूंजीपथरा में जहां एक तरफ 30 से ज्यादा छोटे उद्योग स्थापित है वहा का जिंदल इंजीनियरिंग कॉलेज भी स्थापित है जबकि वहा सैकड़ो की संख्या में छात्र/छात्राऐ अध्ययनरथ है जिसके स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है ऑखो में जलन, चर्म रोग, दमा जैसे गंभीर लक्षण पाये गये है जिनका अध्ययन केन्द्र दिल्ली द्वारा किया गया है और सरकार को यह सुझाव दिया गया है कि यहा से उद्योग बंद कर दिया जाये या कि यहा से आई.टी.आई., इंजीनियरिंग कॉलेज को स्थानांतरित कर दिया जाये जो कि कंपनी तथा प्रशासन के द्वारा अब तक नहीं किया गया है। यह क्षेत्र 5वीं अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आता है यहा पेशा एक्ट कानुन लागु होता है पेशा कानुन एक्ट के मुताबिक बिना ग्रामसभा के अनुमति के बगैर किसी भी प्रकार का उद्योग एवं कोई गतिविधियां संचालित नहीं की जा सकती। परन्तु प्रशासन द्वारा 5वीं अनुसूची पेशा एक्ट कानुन के नियमों का सीधा उल्लंघन किया जाता है, और ग्रामसभा के मिले अधिकारी के द्वारा अधिकारों का सीधा–सीधा उल्लंघन किया जाता है जो पेशा एक्ट के कानुनों का सीधा–सीधा उल्लंघन है। क्षेत्र के 10 किलोमीटर के अंदर राबो डेम स्थापित है जिसका जल प्रदूषण से पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन नहीं किया गया है जबकि केलो डेम से रायगढ़ शहर एवं 20 से ज्यादा गांव, शहर के उपरी स्तर पर एवं शहर के नीचे बसे गांव, केले नदी के जल निस्तारण करता है जिससे प्रदूषित जल की वजह से लोगो के शरीर में खाद, खुजली एवं शरीर के उपर पड़ने वाले प्रभाव का स्वास्थ्य परीक्षण अब तक नहीं किया गया है एवं जल की गुणवत्ता का अध्ययन भी नहीं किया गया है। जो आवश्यक है कि पहले जल प्रदूषण के संबंध में अध्ययन कराया जाये जिससे लोगो के जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन किया जा सके। जिले के औद्योगिकीकरण होने के कारण रायगढ़ जिले में अपराधों में व्यापक पैमाने पर बढ़ोतरी हुई है इसका मूल वजह दूसरे राज्यों से काम करने वाले लोग आपस में, आस–पास के गांव में, किराये के मकान में रहकर कार्य करते है। जिनके द्वारा गंभीर दुर्घटनाओं में, अपराध में हिस्सेदारी पाई गई है जिससे इस क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर अपराध में बढ़ोतरी हुई है इसके लिये किस तरीके की गतिविधियों का संचालन किया जायेगा इस मुद्दे पर किसी भी प्रकार का कोई अध्ययन नहीं किया गया है। रायगढ़ जिले में औद्योगिकीकरण होने के बाद भी स्थानिय बेरोजगारो को रोजगार का अवसर नहीं मिला अगर रायगढ़ के रोजगार कार्यालय में कार्यालय के जानकारी का अध्ययन करे तो लगभग 01 लाख 08 करोड़ पच्चास हजार युवा बेरोजगारी रजीस्टर्ड है जबकि रायगढ़ में 30 करोड़ रूपये से ज्यादा का पूंजी निवेश औद्योगिकीकरण के नाम से लिया गया है। इस पर कंपनी और सरकार को विचार करना चाहिए कि उद्योगों में स्थानिय बेरोजगारो को रोजगार कैसे उपलब्ध कराया जा सके। रायगढ़ जिला काऔद्यागिकीकरण होने के बाद भी महिलाओं को रोजगार का अवसर न मिलना जबकि इस क्षेत्र में काफी महिलाये तकनीकी शिक्षा से है, साथ ही इस क्षेत्र में प्रत्येक गांव में युवतियों को देखा गया है इंजीनियरिंग जैसी उच्च शिक्षा रखती

है इसके बाद भी रायगढ़ जिले का दुर्भाग्य है कि स्थानिय उद्योगों में महिलाओं को रोजगार ना मिल पाना जिस पर एक अध्ययन की जरूरत है और स्थानिय युवतियों को स्थानिय उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराया जा सके, जिससे रायगढ़ जिले में युवाओं में नौकरी को लेकर पलायन को रोका जा सके। क्षेत्र में निवासरथ कृषि, पशुधन एवं वनोपज का संग्रहण कर जीवन यापन करते है। औद्योगिकीकरण के वजह से जंगलो में मिलने वाले तेंदुपत्ता, महुआ, चिरौंजी, डोरी, हर्रा, बेहरा, आंवला प्रायः विलुप्त हो गया है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खासतौर से आदिवासी समुदाय के लोगो के जीवन यापन खतरे में पड़ गया है इसलिये आस–पास के स्थानिय आदिवासी समुदाय के परिवारो के प्रत्येक परिवास से कम से कम व्यक्तियों को स्थानिय रोजगार उपलब्ध कराया जाये। धन्यवाद।

473. योगेश पाण्डेय, रायगढ़ – कार्यरकने के लिये जो योजना प्रस्तावित है जिसके संबंध में जो जनसुनवाई हो रही है तो इस जनसुनवाई में मैं अपना विरोध दर्ज करता हूँ। क्योंकि रायगढ़ एक ऐसा जगह हो चुका है यहा किसी भी तरह की और पाल्यूशन इसमें बढ़े जो जनस्वास्थ्य के लिये अत्यंत घातक हो रहा है। मै यह बताना चाह रहा हूँ कि हम लोगो को एक छोटी सी बीमारी के लिये मास्क पहनने के लिये मजबुर किया जा रहा है और हमारे स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा रहा है तो इस फैले हुये उद्योग से प्रशासन की तरफ से कितना ध्यान रखा जा रहा है जो उद्योगो के द्वारा जरह उगला जा रहा है उसके प्रति हम लोग कितने सजग है, आप लोग कितने सजग है उनका कोई भी प्रकार का ब्यौरा, रायगढ़ एक उद्योग हब में बदल चुका है उसके बावजुद भी किसी भी चौराहे पर हवा की शुद्धता या कितना पाल्युशन है उसको नापने का कोई भी प्रकार का डिस्प्ले नहीं लगा हुआ है इसके संबंध में मैने एक बार पर्यावरण अधिकारी से चर्चा भी किया था तो उन्होने इस पर अधिक मूल्य होने का कारण बताया और उसमें बहुत सारे मेन्टेनेन्स लगते है। हमको यह अधिकार है कि हम जिस जगह पर सास ले रहे है वहा पर वहा की गुणवत्ता कैसी है इसकी जानकारी नहीं है तो इस तरह की अवहेलना और निरंतर उसके बावजुद भी उद्योगो का विकास आप करते जायेंगे, उद्योग अपना विस्तार करते जायेंगे। इधर अनुभव में आया है कि जंगल से हाथी भाग रहे है, जंगल से बंदर भाग रहे है वो दुसरो के घरो को नुकशान पहुचा रहे है, खेतो को नुकशान पहुचा रहे है ये सारा चिज इसी से जुड़ा हुआ है इसलिये मैं चाहता हूँ बिल्कुल इस तरह के विस्तार को तत्काल रोका जाये और इस जनसुनवाई में किसी भी तरह का उद्योग यदि लगता है उसको पुरा रोका जाय। क्योंकि अब रायगढ़ इस तरह के उद्योगो को और नहीं झेल सकता, उनक उगलते हुये जहर को और नहीं झेल सकता। इससे व्यापक रूप से भले ही लोग कहे या ना कहे, कुछ लोगो का जरूर इससे लाभ हो जाता है लेकिन एक अनुभव है जिस तरह से तबाही माने रायगढ़ में मची हुई है उद्योगों के कारण वो सारा चिज ये बताता है क्या और उद्योगो का विकास या विस्तार किसी भी कंपनी का चाहे वह एन.आर. का हो यां किसी का भी हो हमेशा इसका विरोध दर्ज होते रहना चाहिए तभी हमारा यहा रायगढ़ में शुद्ध हवा और पर्यावरण, जंगल, जमीन बच पायेगा अन्यथा यदि ये नहीं रहे तो हम भी नहीं बच पायेंगे। हम लोग यहा के स्थाई निवासी है इसलिये मैं मांग करता हूँ इस तरह के जो भी अनुमति दी जा रही है उसको रोका जाये और मैं इस कंपनी का विस्तार का विरोध करता हूँ।

474. राजेश त्रिपाठी, जन चेतना, रायगढ – काफी बाते अभी तक ई.आई.ए. पर हुई सभी लोगो ने लगभग 02–03 घंटे से मैं देख रहा था कि 02 तरह के लोग अपनी बात रख रहे थे, एक बात यह थी कि समर्थन और विरोध। ये बात समर्थन और विरोध का नहीं है ये बात है पर्यावरणीय पर आने वाले उद्योग से हमारे

इन क्षेत्रों में क्या दुषप्रभाव पड़ेगा और पड़ने वाले दुषप्रभाव को कंपनी, प्रशासक और लोग मिलकर के बेहतर कैसे कर सकते है कि कम से कम जीवन पर उसका दुषप्रभाव पड़े। करीब 03 दिन से मैं अलग–अलग ग्रामपंचायतों के सरपंचों से बात कर रहा था, रायगढ़ जिले का ये तमनार ब्लॉक जो 5वीं अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आता है और अगर आपके ई.आई.ए. को हम मान ले तो लगभग इस क्षेत्र में 43 गांव है। अगर 5वीं अनुसूची के नियम के मुताबिक देखे तो पर्यावरण जनसुनवाई की जो ई.आई.ए. रिपोर्ट है ये 43 के 43 ग्रामों में जानी चाहिए थी। दूसरी बात इसके प्रचार–प्रसार की क्या वहा व्यवस्था की गई जिन ग्रामपंचायतों में ई.आई.ए. गई भी है वो केवल पंचायत सचिव या सरपंच के घर और अलमारी के अंदर ताले में बंद है और फिर ये हम लोगो से उम्मीद करे कि लोग अपनी बात पर्यावरण मुद्दे के लिये करेंगे। क्या पर्यावरण क्षेत्र है जो इतना छोटा है? 2015 में जिस चनोली में घटना घटी वहा एक इंटरनेशनल जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर मै भी गया था मेरा भी प्रजेन्टेशन था। 03 दिन अध्ययन करने के बाद हमने यही बात कहा था कि आने वाले 2025–30 के बीच में यहा एक बड़ी दुर्घटना हो सकती है जिसकी भरपाई प्रकृति की दुर्घटना की भरपाई मानव जीवन सायद नहीं कर सकता और अमौनी में कुछ दिन पहले आप लोगो ने सुना कि जो कुछ हुआ। हम प्रकृति के साथ जिस तरीके से अत्याचार करने पर तुले हुये है उसका परीणाम हमको किसी ना किसी रूप में भुगतना पड़ता है। रायगढ़ जिले के अंदर 1990 में जो सड़के थी जब मुश्किल से रायगढ़ के अंदर 500, 700 वाहन रहे होंगे। एक गांव में मुश्किल से 01 या 02 ट्रेक्टर होते थे, 1, 2, 4 मोटर साईकिले होती थी, रायगढ़ शहर के जो बड़े लोग है उनके पास 01, 02 जीप रहती थी, 10, 20 बसे चलती थी। आज हमारी रायल्टी कितनी है रायगढ़ की लगभग साढ़े तीन अरब रूपये, रायगढ़ जिले की रायल्टी माईनिंग विभाग को आती है। लगभग 5000 ट्रक हमारे इन सड़को पर चलते है और परीणाम, रायगढ़ जिले के अंदर एक भी सड़क नहीं है मेरे साथ कोई मोटर–साईकल से यहा से धरमजयगढ़, पत्थलगांव तक चले सर अगर उसको रात में बुखार नहीं आया और तीन दिन तक बुखार से पिड़ित नहीं रहा तो आप जो कहेंगे वो करने के लिये तैयार हूँ। तो इसके लिये फिर अगर ये विकास हुआ है तो विकास है क्या? हमको यह भी समझना चाहिए। एक इंशान के लिये विकास की परीभाषा हो सकती है वो बेहतर शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर सड़क, बेहतर पानी, बेहतर बीजली और बेहतर रोजगार और अंत में इन सब चिजो के लिये उसको चाहिए बेहतर सुरक्षा, और हमारे पास वही चिजे उपलब्ध ना हो तो फिर हम विकास के पैमाने को लोगो के साथ हम मजाक करते है। हम कभी ये नहीं कहे कि इन कंपनियों का विरोध करते है। इस देश के अंदर कंपनियां लगनी चाहिए, लोगो को रोजगार मिलना चाहिए, परन्तु जो सरकार के निर्धारित मापदण्ड है 10 मई 2016 ये भारत सरकार का मैने गजट लाया है। इसमें वायु में नाइट्रोजन, फास्फोरस जो भी घुलनशील तत्व है उनकी मात्रा कितनी होनी चाहिए, पानी में कितनी मात्रा होनी चाहिए, ध्वनि प्रदूषण कितना होना चाहिए ये निर्धारित है और वो निर्धारित करने की जिम्मेदारी किसकी है, उन उद्योगो की है पहली जिम्मेदारी अगर कही त्रुटी होती है तो उसके साथ सरकार का एक अमला हमारे बीच में बैठा हुआ है पर्यावरण विभाग का हो चाहे वन विभाग का हो, जल संसाधन विभाग का हो, पी.एच.ई. विभाग का हो इनकी जिम्मेदारी है की ये सतत् मानीटरिंग करें और जब भी ऐसे तत्व हमारे वातावरण में घुलते है उसको नियंत्रित करें और तीसरी बुनियादी सवाल है कि लोगो के रोजगार का मुद्दा, परन्तु हम अगर जमीनी स्तर पर हकीकत देखे तो रायगढ़ जिले में लगभग साढ़े तीन लाख करोड़ पुंजी निवेश अब तक हो चुका है मोटा–मोट अभी भी बोला जा रहा है कि लगभग 60 हजार करोड़ का पूंजी

निवेश अभी आने वाला है, परन्तु जो 2015 में एक लाख बीस हजार लोगो का युवा, युवतियों का रोजगार कार्यालय में पंजीयन था पढ़–लिखे लोगो का, अभी हमने पता लगाया लगभग एक लाख चौरासी हजार जो नौजवान लोग है जिनको अपनी पढ़ाई कम्प्लिट करने के बाद रोजगार चाहिए अगर उनको रोजगार नहीं मिलेगा तो किल्लत बनेंगे और वो समाज के लिये एक जहर बन जायेंगे। क्या ये हम सब लोगो की नैतिक जिम्मेदारी नहीं है। अभी मैं कई साथियों से बात कर रहा था मैने बोलो की भाई ये पक्ष और विपक्ष, विरोध और समर्थन की बात नहीं है जब भी रायगढ़ जिले के अंदर कंपनिया अच्छा काम करती है उनके साथ मिलकर मैं बेहतर काम करता हूँ संजय अग्रवाल जी मेरे दोस्त है कोई दुशमन नहीं है, उन्होने भी कहा इस रोड़ के अंदर दुर्घटनाओं में लोग क्षतिपूर्ति या मृत्यु हो जाती है, फिजिकली अनफिट हो जाते है उनके लिये एक ट्रामा सेंटर बनायेंगे। मैं रायगढ़ जिले का पहला आदमी था जैसे ही मैने समाचार सुना पहले मैं उन्हे बधाई दिया, उन्होने कहा कि रायगढ में हम एक हास्पिटल बनायेंगे मैने कहा सबसे पहला आदमी था उनको बधाई देने वाला। केवल एक उद्योग की बात नहीं है रायगढ़ जिले में जितने स्थापित उद्योग है उन सबकी ये नैतिक जिम्मेदारी है कि अपने समाज के प्रति अपनी आपकी जो जवाबदेही है, जिम्मेदारी है उसको आप सुनिश्चित करीये और जब आप जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे लोगो के साथ जो विपरीत परिस्थिति निर्मित होती है अगर उससे लोग सुरक्षित होंगे तो हर आदमी चाहेगा कि उद्योग का विस्तार हो। हमारे यहा आर.टी.ओ. विभाग है रायगढ़ जिले में 5000 ट्रक चलते है अब लगभग 10000 के आस–पास हो गये है। सरकार के मापदण्ड निर्धारित है चलिये आप मेरे साथ खड़े हो जाईये मै आपको दिखाता हूँ लगभग 25 प्रतिशत ट्रकों में पीछे नम्बर प्लेट नहीं होती है और वो क्यों नहीं होती क्योंकि अगर वो रामलाल को धक्का माकर निकल गया, रामलाल तो मर गया और वो पुलिस की एफ.आई.आर. में आता है अज्ञात वाहन द्वारा दुर्घटना, क्योंकि बीमा कंपनियों को बीमा ना देना पड़े। रायगढ़ जिले के अंदर अगर अभी आप जॉच कर लीजिए हमारे सर बैठे है एडिशनल एस.पी. साहब बैठे है एस.पी. साहब भी बैठे होंगे अगर आप अभी एक–एक गाड़ी की जॉच करवाईये अगर 35 टन उनकी लिमिट है तो 55 टन से कोयला उसमें नहीं निकलेगा। आपके रायगढ़ जिले की जो सड़के है वो 35 टन की बनी हुई है, 25 टन की बनी हुई है और ओवर लोडिंग किनको फायदा पहुचाया जाता है, क्या उद्योगपति को, क्या ट्रांसपोर्टरो को और कुछ दिन पहले वो ट्रांसपोर्टर यहा धरने में बैठे हुये थे कि हमारी गाड़ी में जो ट्रांसपोर्टिंग है उसका किराया बड़ाया जाये तो इस पर्यावरण के लिये केवल एक क्षेत्र जिम्मेदार नहीं है बल्कि हम सभी व्यापक पैमाने पर जिम्मेदार है। ये दो किताब सर मै अभी सुचना के अधिकार से निकालकर लाया हूँ ये उनकी कार्ययोजना है और ये छत्तीसगढ़ बनने के बाद 2008 में उन्होने कार्ययोजना बनाया है। इस कार्ययोजना के मुताबिक मैने काफी पढ़ा है ये 4 किताबे उन्होने दिया है तो उन्होने रायगढ़ जिले के अंदर अब तक साहब 12 करोड़ पेड़ लगा दिये है मैनें उनसे पुछा अगर 12 करोड़ पेड़ है उनसे एक पेड़ से दूसरे पेड़ की दूरी तो निर्धारित होगी वैसे 10 बाई 10 में पेड़ लगाये जाते है जहा तक मै पढ़ा हूँ, चलिये 5 बाई 5 मान लेते है। तो 12 करोड़ पेड़ लगाने के लिये आपके पास जमीन कहा थी तो बोले उसको हमको खोजना पड़ेगा और बोले इधर की जो जंगल और जमीने गई है उसके बदले उन्होने सारंगढ़ में, सराईपाली जो है सराईपाली–बसना की जंगलो में लगवा दिया, आंकलन यह है सर और हमारे साढ़े 7 करोड़ पेड़ उद्योगपतियों ने लगा दिया तो साढ़ सात और 12, 20 करोड़ हो गये आपके जमीन का रायगढ़ जिले का क्षेत्रफल कितना है और जंगल आपके पहलें से उपलब्ध है तो पेड़ लगे तो लगे और किस बात का पेड़ था कही ऐसा तो नहीं की

पेड़ के नाम से इनहोने पर्या बनाकर भाजी का बीजा छिट दिया और भाजी को इन्होने पेड़ मान लिया। कैम्पा एक मद है करोडो रूपये, अरबो रूपये रायगढ़ जिले को मिलते है, अगर सभी विभागों के पैसो को एक जगह रख दिया जाये तो मै दावे के साथ कहता हूँ कि एक ग्रामपंचायत को बजट जो मिलेगा वो 5 करोड़ से उपर का मिलेगा और वो अपना विकास कर लेंगे। रायगढ़ जिले में अगर 2 लाख करोड़ का पूंजी निवेस हुआ है तो आपके आंकड़े क्यों बताते है कि आप भी रायगढ़ जिले के 42 प्रतिशत जो बच्चे है को कुपोषित है, 67 प्रतिशत गर्भवती और शिशुवति महिलाये क्यो कुपोषित है। तब तो उनका विकास हो जाना चाहिए, उनके अंदर कुपोषण नहीं होना चाहिए, क्या ये स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं है, और दुर्भाग्य यह है कि इस ई.आई.ए. के अंदर सब कुछ लिखा हुआ है, इस ई.आई.ए. के अंदर यह कही नहीं लिखा हुआ ह कि इन जो 43 गांव है इन गावों में हम किसी कंपनी की बात नहीं करते हम उनका स्वास्थ्य परीक्षण, वहा के बच्चो का, गर्भवती महिलाओं का, शिशुवति का, गांव के लोग 60 से उपर बुजुर्ग है उनका कहीं करेंगे हमारी कोई नैतिक जिम्मेदारी है कि यहा किस तरीके की बीमारी फैल रही है और ये मुझे लगता है कि जो 2015 का जो अधिसूचना पर्यावरण मंत्रालय का बना उसमें पहली बात लिखी है कि कोई भी औद्योगिक और खनन क्षेत्र होंगे सबसे पहले आपको एस.आई.ए. बनाना होगा, सोसल इंपेक्ट असिसमेंट की रिपोर्ट। अगर उस गांव की कोई महिला गर्भवती है तो उसको कौन–कौन से टीके लगने है और फिर जो बच्चा पैदा हुआ है उसको कौन–कौन से टीके लगने है, उसकी जीवन की कौन–कौन सी जरूरते है और जो बच्चे है, नौजवान है और नौजवान के बाद जो बुड़े लोग है सभी का सोसल इंपेक्ट असिसमेंट रिपोर्ट बनाना है। उसके बाद वो सोसल इंपेक्ट रिपोर्ट को ग्रामसभा में रखना है और ग्रामसभा में सोसल इंपेक्ट जो एक–एक परिवार का बनेगा उसको पढकर सुनाना है। अगर उसमें कोई चिजे त्रुटी है, जोड़ना है, छुट गया है उसको ग्रामसभा से अनुमोदन करवाने के बाद फिर विभाग की जिम्मेदारी है आप क्या रिफरेंस देंगे और इसके बाद ई.आई.ए. बनायेंगे। इससे पहले श्याम धावड़े साहब थे मैने बैगलोर से ट्रेनिंग करके कि सोसल इंपेक्ट कैसे बनता है उसका पुरा मटेरियल लेकर आया था और साहब ने कहा कि हम चाहते है कि हमारे सरकारी विभाग के लोग है वो सोसल इंपिक्ट असिसमेंट रिपोर्ट कैसे बनता है इसकी कम से कम 03 दिल ट्रेनिंग आप मिलकर करो। परन्तु रायगढ़ जिले का दुर्भाग्य यह है कि जब भी एक किसी अधिकारी से बेहतर रिस्ता बनता है समाज और समुदाय के लिये कुछ काम करने के लिये तब उस अधिकारी का स्थानान्तरण हो जात है। नये अधिकारी आते है उनके साथ विश्वास बनाने के 6–8 महिने लगते है जब तक विश्वास बनता है उनका स्थानान्तरण हो जाता है जैसे अपने गेडाम साहब ले दे के 6–8 महिने रहे और उनका ट्रांसफर हो गया और सर आये और सर से एक विश्वास बनेगा, कुछ बेहतर करने के लिये सोचु तो तब तक उनका ट्रांसफर हो जायेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे जो बुनयादी सवाल है उसमें एक अध्ययन की जरूरत है और शिवपाल भगत वर्सेस सरकार एक एन.जी.टी. का आदेश आया है ये अभी 2020 में 19 सितम्बर या अक्टूबर का है ये आदेश, उसमें तो सीधे–सीधे लिखा है कि 01 फरवरी के बाद सड़क के माध्यम से किसी भी प्रकार की कोई ट्रांसपोर्टिंग नहीं होगी और मान लीजिये की गांव के लोग अगर चक्काजाम करते है और कोई अधिकारी मेरे पास आता है और मै बोलता हूं ये एन.जी.टी. का आदेश है ले लीजिये और मुझे पावती दे दीजिए। हम चले जाते है। यानी सरकार के जानकारी में आने के बाद भी वो नहीं रोका जा रहा है तो कोर्ट आफ कंटेक्ट है और अगर हम लोग करे मेरे उपर कार्यवाही हो रही है, जेल में डाल दे रहे है तो भी कोर्ट आफ कंटेक्ट क्यों कि मैं भारत सरकार के एन.जी.टी. जो कोर्ट है उसके

आदेशों का मैं पालन करवा रहा हूँ। तो बात यह है कि स्पेसिक रायगढ़ जिले के लिये है क्योंकि पिछले दिनो जो केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय की टीम आई थी यहा के जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण का अध्ययन करने तो उनको जहा प्रदूषण था वहा उनको लेकर नहीं जाया गया और दूसरी–दूसरी जगहो पर घुमाया गया आपके विभाग द्वारा और वो टीम जब दिल्ली वापस गई और अपना प्रतिवेदन रिपोर्ट जब उन्होने एन.जी.टी. के अंदर रखा और जब हमने उन क्षेत्रों का फ्लाई ऐश की पुरी रिपोर्ट, फोटोग्राफ, विडियोग्राफी, उसका मैप जब हमने रखा तो दिल्ली के आपके विभाग के लोगो ने कहा रायगढ़ जिले के जो पर्यावरण विभाग के लोग है, पर्यावरण अधिकारी है उन्होने मुझे उस क्षेत्र का अध्ययन नहीं करवाया और उसी आधार पर एन. जी.टी. ने ये आदेश किया। दूसरा सड़को पर शिवपाल भगत वर्सेस सरकार इसके पहले एक आदेश आया की रायगढ़ जिले में जो सड़क की बात कर रहा कि 4 लाईन सड़क। राज्य सरकार का 333 करोड़ का एक जुर्माना लगाया है कि पहले आप सड़क बनाईये रायगढ़ से पत्थलगांव और पूंजीपथरा से मिलुपारा 111 किलोमीटर इसके बाद आप लोग सड़को में ट्रांसपोर्टिंग करीये। अब देखिये दुर्भाग्य कि ये रायगढ़ जिले का छत्तीसगढ़ सरकार के लिये शिवपाल भगत का जो आदेश आया है की जब तक आपकी सड़के नहीं बनेगी तब तक आप लोग ट्रांसपोर्टिंग नहीं करोगे तो हमारी सरकार से उसको नहीं माना, परन्तु उड़ीसा के लोग टपरिया हमिरपुर से करीब 10 किलोमीटर आगे उस आदेश को लेकर जब सड़क पर बैठे तो वहा के सरकार ने, वहा के जिला प्रशासन ने मैं खुद गया था जिला कलेक्टर साहब हाये थे उन्होने कहा जब तक यहा सड़क का आपका अलग से सड़क कारिडोर बनाना है उससे आप ट्रांसपोर्टिंग करोगे और अभी जो ट्रांसपोर्टिंग कर रहे है वो पी.डब्ल्यू.डी. से सड़क से आप कर रहे हो। इसलिये जब तक आपकी सड़क नहीं बनेगी तब से कोई भी ट्रांसपोर्टिंग आप नहीं करोगे आप अभी पता लगा लिजिये तो वहा की सरकार ने आदेश मेरे लिये है पालन उड़िसा गवर्नमेंट कर रही है आखिर हमारी सरकार की क्या व्यवस्था है कि जब हम सुप्रिम कोर्ट का, जब हम पर्यावरण के मापदण्डो का, जब हम सामान्य विपरित परिस्थितियां निर्मित हो रही है उनके लिये हम काम नहीं कर पा रहे है तो मुझे लगता है कि हमको भी इन पर विचार करना चाहिए। रेड्डी साहब से भी मै बोलना चाहुंगा की जब आप अध्ययन करते है तो लिखा है कि हमने फलाना–फलाना सैम्पल लिये 26 तारीख को कब सैम्पले लिया। उस गांव में जब सैम्पल लेने गये तो क्या उस गांव में कोई नहीं था, मान लिजिए ठीक है पुरा गांव नहीं था क्या उस गांव का सरपंच था, सचिव था, रोजगार सहायक था, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थी, उस गांव का चौकीदार था तो जब आप सैम्पल लेने जाते है तो मेरा यह कहना है कि उस गांव के इन लोगो से एक दस्तखत तो करवा लिजिये कि मै आपके तालाब का सैम्पल ले रहा हूँ, आपकें कुआं का सैम्पल ले रहा हूँ, आपके बोरवेल का सैम्पल ले रहा हूँ, नदी का सैम्पल ले रहा हूँ उस सैम्पल की गुणवत्ता की अगर जॉच हो जाये मै तो आने वाले समय में रेड्डी साहब को कहुंगा जब भी यहा की ई.आई.ए. बनागें तो आप मुझे आमंत्रित करेंगे मुझे आदेश कीजिए आमंत्रित मत करें। मैं आपके साथ रायगढ़ जिले में 2, 4, 6 महिने अगर लगता है तो मैं एक ऐसी ई.आई.ए. बनाना चाहता हूँ जिसको समाज और समुदाय के बीच में रखे और ये विरोध और समर्थन करने के लिये नहीं बल्कि हम समाज में सभी बैठ के उस पर पुर्नविचार करे और समाज की, समुदाय की, उद्योग की, प्रशासन की एक बेहतर भुमिका हो सकती है कि वो चाहे जल प्रदुषण की हूँ, चाहे ध्वनि प्रदूषण की बात हो, चाहे सड़को में दुर्घटनाओं से होने वाले मौतो की बात हो, चाहे दुर्घटना में फिजिकली अनफिट हो जाते है उनकी बात हो क्यों ना हमस ब मिल के एक सुग्घर रायगढ़ का जो हमारे भीम सिंह कलेक्टर साहब जी

का सपना है वो केवल रायगढ़ शहर के चक्रधर नगर, कलेक्टोरेट के सामने का नहीं है बल्कि सुग्घर रायगढ़ का जो सपना है वो रायगढ़ जिले का है अगर हम सब मिलकर उसको बेहतर करते है तो मुझे लगता है कि रायगढ़ के एक अच्छे परीणाम होंगे और भारत सरकार का एक और है वो भाई ने बोला एन. जी.टी. ने एक आदेश और दिया है मैं आपको बता दू। आप चाहेंगे तो मैं लाकर दे दूंगा। एन.जी.टी. ने यह कहा है कि जब तक रायगढ़ जिले का पाल्युशन का अध्ययन नहीं हो जाता तब तक नये उद्योगो का विस्तार करना और उद्योगों की स्थापना करना नहीं किया जा सकता ये एन.जी.टी. का आदेश है। मुझे कहने की जरूरत यह है कि रायगढ़ जिले का हम लोग एक पर्यावरणीय अध्ययन कर लेते है अलग–अलग नागपुर की संस्था निरी ने 2015 में किया था और यहा एक पर्यावरण का अध्ययन हो जाये। जल प्रदूषण का, वायु प्रदूषण का, ध्वनि प्रदुषण का अगर हमारे जिले का पर्यावरण यह कहता है कि नये उद्योग होने चाहिए तो उस पर विचार करना चाहिए अगर वो कहता है कि नहीं बस बहुत हो गया तो फिर उस पर भी विचार करना चाहिए। केन्द्रीय पर्यावरण की एक टीम आई थी यहा जे.आई.टी. का इंजीनियरिंग कॉलेज बना हुआ है उनकी रिपोर्ट मेरे पास रखी है उसने अपनी रिपोर्ट में ये कहा है यो तो आप ज.आई.टी. हटा कर दुसरे जगह स्थापित कर लिजिये या वहा से उद्योगो को निकाल कर दुसरे जगह स्थापित कर दीजिए। वहा 70 बच्चे जो है बो दमा की बीमारी से निकले थे जब उनकी सैम्पलिंग ली गई और उन्होने इस बात को राज्य सरकार को भी कहा, जिला प्रशासन को भी कहा तो हमारी और उनके इन्स्टुमेंट पर्यावरण विभाग के इन्स्टुमेंट बोलते है कि यहा कोई प्रदूषण नहीं है सेन्ट्रल की टीम आती है और बोलती है कि यहा बहुत प्रदूषण है जब हम अध्ययन करते है तो बहुत प्रदूषण निकलता है तो हम सब लोग इस बात पर सोचे और विचार करे और जब तक इनका कोई अध्ययन ना हो जाये तब तक मुझे लगता है कि आने वाले समय में चाहे वह खनन की प्रक्रिया हो, चाहे आपके पॉवर प्लांट हो, फ्लाई ऐश हो अभी आपके विभाग ने जानकारी दिया है उस जानकारी के मुताबिक लगभग 84 हजार मिलियन टन राख यहा पर निकल रहा है और यहा से लेकर हम केन्द्र सरकार तक को एक सूचना देते रहते है कि इण्डक्शन फर्नेस इन्स्टाल कर लिया पीठ में हाथ देते है और अवार्ड भी मिल जाता है रायगढ़ को और यहा के जंगलो में, किसानो के खेतो में, पंचायत भवनों में बड़े–बड़े पहाड़ बने हुये है और मई–जून के समय आप देखेंगे की जो डोंगामहुआ के पास जिंदल पॉवर है उसका पुरा का पुरा फ्लाई ऐश लोगो के गांव में, आंगन में, थाली में, आंगनबाड़ी कार्यकता जो बच्चे खाते है, मध्यान भोजन करते है उनके थालियों में पड़ रहा है इस पर भी हमको विचार करना चाहिए और इन सभी बाते के साथ मैं अपनी बात को खतम करता हूँ। जय हिन्द, जय भारत, जय छत्तीसगढ़।

475. राधेश्याम शर्मा, रायगढ़ – ये जो आज की जो जनसुनवाई है उसके संदर्भ में मैं पीठासीन अधिकारी से कुछ आश्यक जानकारी चाहता हूं। इन जानकारियों के अभव में मेरा विरोध या समर्थन गौर हो जायेगा। जो ई. आइ.ए. रिपोर्ट बनी है अधिसूचना के पश्चात वो जनता के अवलोकन के लिये किन–किन स्थानों पर रखा जाना चाहिए ये उसमें स्पष्ट निर्धारित किया गया है, निर्देशित किया गया है। मै पीठासीन अधिकारी से जानना चाहुंगा कि क्या जिला परिषद को, निगम परिषद को, नगर परिषद को इसकी सूचना दी गई है या नहीं क्योंकि लोगतांत्रिक व्यवस्था में ग्रामपंचायत या पंचायती राज व्यवस्था हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी मजबुती है हमारे देश में। हमारे देश में पंचायती राज व्यवस्था जब से लागु हुई है उसके अंतर्गत रायगढ़ जिले में जो जिला पंचायत है वहा अवलोकन के लिये रखा जाना चाहिए था, जनपद में भी रखा जाना

चाहिए था। परन्तु दुर्भाग्य यह है कि जिला के अधिकारी जनसुनवाई को संपन्न कराने में ही अपना दिमाक लगा कर रहे है उसमें कानुन का पालन हो उसके लिये कही भी उनकी चेतना नहीं है ये मैं जिला प्रशासन के जो भी जिम्मेदार अधिकारी है उसके साथ–साथ हमारे जो चुने हुये जनप्रतिनिधि है वो भी जिम्मेदार है। जैसे राजेश त्रिपाठी जी ने का कि 10 किलोमीटर के रेडियस में 40 से उपर गांव है तो उन 40 गांव में कंपनी का जो ई.आई.ए. रिपोर्ट है अवलोकन के लिये रखा गया है मैं जानन चाहुंगा कि वो 40 से उपर गांव में पहुचा है, क्या वहा मुनादी करवाई गई है जनसुनवाई के संदर्भ में, किसी भी अशिक्षित लोगो को कार्यक्रम के संदर्भ में बिन्दुवार जानकारी दी गई है कि इससे क्या–क्या हानी और लाभ हो सकती है। क्योंकि मैने जो अध्ययन किया है उसके हिसाब से जिला पंचायत को जिला प्रशासन द्वारा ई.आई.ए. रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराया गया है मै श्री निराकार मालाकार जी अध्यक्ष महोदय कांग्रेस के है चुने हुये जिला के, सदन के सर्वोच्च पद पर है मैने पुछा आपको जानकारी है, बोले हमको तो कोई जानकारी नहीं है मैं बोला ऐसा कैसा हो सक़ता है आप हमारे जिला के मुखिया है इस पंचायति राज व्यवस्था में आप हमारे चुने हुये प्रतिनिधि है और सर्वाच्च पद पर है आपको जानकारी नहीं है वो अपने कार्यालय फोन लगाये नहीं यहा नहीं है, जब उसमें लिखा है जिला परिषद तो जिला परिषद में क्यों नहीं दिया गया और जनसुनवाई के लिये पीठासीन अधिकारी महोदय यहा केवल सुनने के लिये नहीं है। अगर ई.आई.ए. में कोई त्रुटी है क्योंकि एस. आई.टी. तो नहीं है इसके लिये है भी तो उसका महत्व नहीं है जो संभाग है पर्यावरण के अधिकारी है उनको उद्योगो से उनका पैकेट पहुचना चाहिए उतने तक वो सिमित है और जिले के लिये भी यही प्रक्रिया चल रही है तो फिर कानुन का पालन कौन करवायेगा। मैं पर्यावरण अधिकारी से निवेदन करूंगा कि जो 14 सितम्बर 2006 भारत सरकार की अधिसूचना के तहत समस्त नियमों और कानुन का पालन हो रहा है, नहीं हो रहा है, आप नहीं बोल सकते आप जिम्मेदार पद पर होकर इस सार्वजनिक मंच पर नहीं बोल सकते क्योंकि उस कानुन के विपरीत आप लोग कार्य कर रहे है। यहां कलेक्टर भीम सिंह, सिर्फ नाली निर्माण में व्यवस्त है। कल कलेक्टर से मिल के पुछता हूं माहमारी काल में क्या जन सुनवाई होना चाहिए। पीठासीन अधिकारी क्या आप बिक गये है या भयभीत है। उस ग्रामीण क्षेत्र में 40 से अधिक गांव वहां क्यो नहीं गयें। आपको पता यहां जल/वायु/ध्वनि प्रदूषण की क्या स्थिति है। किन–किन बिमारियों से ग्रसित हैं हम रायगढ़वासी। कन्सलटेंट कंपनिया इस अपराध में सबसे बड़े अपराधी है। कोई भी कन्सलटेंस कंपनी इसे प्रुफ नहीं कर सकता कहा से सेम्पल लिया है। एक पुलिस का अधिकारी कर्मचारी कही जाता है तो वहां पंचनामा की आवश्यकता होती है लेकिन यहा फर्जी कन्सलेटी का कर्मचारी ई.आई.ए. बना दिया और आप ले लिये, या तो आप बिक गये है या भयभित है, बताईये कौन भयभियत कर रहा है। मै पीठासीन अधिकारी, पर्यावरण अधिकारी, कंसल्टेंसी एवं कंपनी के उपर अपराध दर्ज कराउंगा। मैं कल या परसो में तसईमाल में एफ.आई.आर. दर्ज करूंगा। प्रशासनिक अधिकारी पुरी तरह से बिक चुके है। शादी विवाह के लिये आप कितने को आना है, नहीं आना फिक्स कर दिया और जनसुनवाई में। तो नयाय कहां से प्राप्त होगा। सारे चड्डी धोने वाले हरामखोर सुप्रीम कोट में बैठे है। एक हरामखोर के कारण 240 निर्दोश लोगो की जान गई है। कौन मुझे सुरक्षा देखा जब न्यायपालिका नहीं देगा तो नक्सली से भीख मांगना पड़ेगा। मैं क्या करू आप बताये। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री ठेके में काम करते है। ऐसे फर्जी कंपनी को बैठाकर कन्सलटेंसी को बैठाकर प्रदूषण की अनुमति दे रहे है। रायगढ़ जिला की क्षमता समाप्त हो चुकी है रेड जोन में है। पर्यावरण अधिकारी यहा एक नया ई.आई.ए. बनावाये यहां का। जनता से वेतन लेने वाले लोग

आप लोग तानासाह है। आप लोगो में सविधानिकता है तो कंपनी और कंसलटेंसी को तुरन्त गिरफ्तार करें। आपके माता–पिता आपको इस जगह में सविधान को पालन करने के लिये पढ़ाये है न ही इसका पालन नहीं करने। आप लोग बहुत विवश है। आप कानुन का पालन नहीं करेंगे। ये लोकसुनवाई जो हो रही है उस पर माता–बहनों के द्वारा बोला गया हम उसका समर्थन करते है। कोई भी अपनी सहमति या आपत्ति बताता है तो उसका कारण बताना पड़ेगा नहीं तो उसका मत अमान्य होना चाहिए। ई.आई.ए. को क्षेत्रीय भाषा में होना चाहिए लेकिन केवल समरी ही स्थानिय भाषा में है। किसी भी जानकारी को होते हुये उपलब्ध नहीं कराना षड़यंत्र है पुलिस जानते है इस बात को। पुलिस जिस दिन समझ जायेगी इस बात को तो कलेक्टर को भी डंडा मार सकता है। इस भारत भूमि में पर्यावरण खराब हो रहा है। मै फिर पुछना चाहुंगा कि आप लोग क्या कानुन का उल्लंघन करने के लिये बैठे है। आप लोग कानुन का पालन करने में असमर्थ है तो मुझे सोचना पड़ेगा कि आप लोगो को सबक सिखाने के लिये क्या करना पड़ेगा। पर्यावरण अधिकारी को क्या मुझे बताना पड़ेगा कि उनका क्या अधिकार है। आप जिले के पर्यावरण से संबंधित अधिकारी है आपको अधिकार है इस जनसुनवाई को निरस्त करवाने का। अभी आप के पास अधिकार है। यें अपने अंतर्भुत शक्ति का उल्लंघन कर रहे है। नागरिको के अधिकार को आप लोग गाठ बांध कर रखे है। इस अवैध जनसुनवाई और उद्योग के पिट्ठू अधिकारी के माध्यम से बैठे है। क्या कन्शलनेंट को लोगो के साथ खिलवाड़ करने के लिये रखा गया है। जिले के विधायक मंत्री बेकार बैठे हुये है। प्रकृति का न्याय किसी को बक्शता नहीं। मेरे जाने के बाद सायद आप इस जनसुनवाई को निरस्त कर दे। आपसे मैं निवेदन करता हूँ आगे के जनसुनवाई को निरस्त करने का सोच लिजिए चाहे वह किसी की भी जनसुनवाई हो क्यों कि ये सोरे एक ही कन्सलटेशन के द्वारा बनाये गये है। केन्द्रीय पर्यावरण अधिकारी से ई.आई.ए. पारित होना था। मै कानुन का उल्लंघन करूंगा तो आप मुझे कानुन का उल्लंघन करने को मजबुर कर रहे है मैं एसा समझुंगा। क्या आप स्वयं राष्ट्रपति है कि मै जो कहुंगा वही होगा। आप राष्ट्रपति के द्रोही है आप उसकी गरीमा को ठेस पहुचा रहे है। ग्रामपंचायत में ग्रामसभा से जब तक परमिशन नहीं लेंगे तो जनसुनवाई नही हो सकती। आपके पास ग्रामपंचायत का प्रस्ताव नहीं है जो मान्नीय न्यायालय से भी ज्यादा शक्तिशाली है। आप सभी को कानुन का उल्लंघन करने का ठेका मिला है क्या? 05 तारिख की जनसुनवाई आप नहीं करा पायेंगें मैं देखुंगा आपकी ताकत अगर मैं जेल में नहीं रहा और मरा नहीं तो। एक नागरिक, एक इस देश के शासक का उनके नौकरों के साथ कैसे व्यवहार होगा।

476. जन सुनवाई के विरोध में बहुत बोल रहे आज। क्या वें एक भी निर्धन कन्या विवाह में सहयोग किया है क्या, हमने किया है। यहां 05 फेक्ट्री से 1.5 लाख का सहयोग दिया है यहा सिर्फ प्रदूषण ही नहीं है। कोई भी फेक्ट्री किल्न लगाती है तो ईएस.पी. भी लगाई जाती है। इस्सट सप्रेसन के लिये लगाये ई.एस.सी. सभी फेट्री में है। घरो के निर्माण के लिये टी.एम.टी. लग रही है उससे डस्ट का कोई व्योरा ही नहीं है। यहां तो व्यक्तिगत् लडाई हैं जैसे विरोध हो रहा है। स्कूल में शिक्षा के लिये परिपक्व टीचर उपलब्ध हो पा रही है। सी.एस.आर. के माध्यम से प्लांट ही करा रही है। तीन–चार शिक्षक डी.एम.एफ. से पड़ा रहे हैं। यह पैसा कंपनी की दे रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 25 लाख का दहेज का सामान दिया गया है। विवाह के बाकी सभी चीज का सहयोग फेक्ट्री वाले का जैसे पडाल फल कुंड की व्यवस्था की गई है। एक बेटी की शादी में 10 लाख लगा तो शासन 25 लाख में 100 बेटियों का शादी कैसे कराया। एन.आर. इस्पात एक ट्रामा सेन्टर खोलने को कहा गया जिससे पंचायत बिल्डिंग का व्यवस्था नहीं करा पाई जिले एनआर.

इस्पात ने कराया है। तराईमाल एक रेड जोन ही है। यहां आदमी कितना वर्ष जिये वो माईने नहीं है कैसा जिया वो मायने रखता है। हमारे दादा परदादा 110 वर्ष जिये। अंकुर गोटिया जी को आज 90 साल हो गया है और वह ऐसा काम किये है कि उन्हे आगे 90 साल तक याद करेगा। यहां विरोध करने वाले अपने नाम के कारण विरोध करते है। मां शिवा प्लांट के दो लड़के यहां जनसुनवाई करवाया। मैं ग्राम पंचायत पंच हूं। मुझे बोला गया आप सहयोग करें। ये उद्योग लगा रहे है 100 लोगो को पाल रहे है। आस–पास के लोग कमा रहे है। आप समाज का सयोग करते है तो प्लांट का विरोध क्यों करते है। 05 को फिर से जनसुनवाई वो दो दिन में दो बुंद खुन दान करके आये और दो कन्या का विवाह करवा के आये और विरोध करे मैं उनका समर्थन करूंगा। सिंघल, बी.एस., एन.आर. को विद्युत क्रय के लिये सहयोग के लिये बोला गया और वो लोग सभी आस–पास के 10 कि.मी. में विधुत का सप्लाई किया गया है। यहां मुक्तिधाम में सौंदर्यीकरण सिंघल के द्वारा कराया जा रहा है। यहां शासन प्रशासन बैठे है और यहां डस्ट को देख रहे है। बच्चो के खेल में बच्चो के ईनाम फैक्ट्री के द्वारा ही दिया जाता है। यहां गांव में सी.एस.आर. मद से बाजार में गली में रोड़ बनी है। इसका पैसा शासन नहीं दे रहा है यही से कलेक्टोरेट जा रहा है फिर पंचायत को मिल रहा है। बंजारी मंदिर में जितने भी निर्माण कार्य हुये है मेरे दादा जी 03 एकड़ जमीन दान में दिये अंकुर जी 03 एकड़ दिये है। यहां विकास हुआ है तो क्यो शासन से विकास हुआ है शासन से 40 प्रतिशत विकास हुआ है तो उद्योग से 60 प्रतिशत् विकास हुआ है। आने वाले जनसुनवाईयों में पीठासीन अधिकारी, पर्यावरण अधिकारियों को संबाधित नहीं करते है। यह जनसुनवाई है जनता ही सुनेगी। समर्थन करेगी तो समाज का विकास होगा। 1986 के किताब में भी जी.एस.टी था उस टाईम अंग्रेज लेती थी आज बीजेपी शासन लेती है। उद्योग आये यहां पे उद्योग के आने से जन–जन का विकास होना है।

477. पंचराम मालाकर, तराईमाल – पर्यावरण मानव जीवन के लिये हानीकरक भी है और नहीं भी है। यह हमारा ग्राम पंचायत 5000 के आबादी में बसा हुआ है। पहले 750 था उसके बाद 1200 उसके बाद फैक्ट्री आने लगी अब 5000 है। हमारे ग्रामपंचायत में 05 फैक्ट्री है। मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ। मै एन.आर. इस्पात के मालिक को बोला हुं कि यहां अस्पातल खोला जाये तो उन्होने 35 लाख अस्पताल के लिये राजी है। शिक्षा के क्षेत्र में हमने माली समाल समिति की ओर 5वी तक का स्कूल संचालित कर रहे हे वह पहले मिट्टी खप्पर का था जिसे उनके द्वारा मरम्मत करवाया गया है। गर्मी में ठंडा पानी के लिये 500–1000 लीटर के लिये टंकी की व्यवस्था का निवेदन किये है। गांव में पहले विकास होना चाहिए फिर आस–पास के 10 कि.मी. में फिर जिला में होना चाहिए। लिखित दिये कि गांव में 12वी क्लास के लिये तो कलेक्टर ने 35 लाख का स्कूल भवन का निर्माण का आश्वाश्न दिया है। फैक्ट्री से बीच–बीच में किसी भी चीज के निर्माण के लिये पैसा दिया जाता है। शासन तो नहीं करा रहा है तो फैक्ट्री से सड़क और कार्य करवाया जाय।

478. कन्हैयालाल, तुमीडीह – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।

479. रामसाय डनसेना, तराईमाल – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।

480. पितरूमालाकार, तराईमाल – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।

481. विजय कुमार, गेरवानी – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ। एन.आर. ग्रुप क्षेत्र के सभी युवाओं को रोजगार दिया गया है। प्रशासन से कहना है कि उद्योग से ज्यादा, ट्रकों से प्रदूषण हो रहा है। सड़क का मरम्मत करायें।

482. मुकेश अग्रवाल, गेरवानी – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
483. गंगा प्रसाद धोबा, सरपंच, सामारूमा – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
484. राधिका सिंह, उप सरपंच, सामारूमा – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ। कंपनी के आने से हमारे क्षेत्र के बहुत से लोगो को रोजगार मिला है। राजमिस्त्री है।
485. डमरूधर, – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
486. युगलकिशोर, तराईमाल – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
487. अमित कुमार – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
488. राजु गुप्ता, तराईमाल – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
489. क्रिस्टल साहू, तराईमाल – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ। उद्योग प्रबंधन से निवेदन है कि एन.आर.. प्लांट द्वारा रोड़ में पानी छिड़काव करें देलारी के लड़के को रोजगार दें।
490. दशरथ – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
491. तरूण सोनी – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
492. धनीराम मालाकार – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
493. सोनु सिदार – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
494. बुंद सिंह, – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
495. लक्ष्मी, तराईमाल सरपंच – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
496. घनश्याम – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
497. श्रद्वाकार, – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।
498. करन, – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ। फेक्ट्री वाले तराईमाल के कितने युआवों को रोजगार मिला है। हम लोग जाते है रोजगार के लिये तो बोलते है लोकल वालो को नहीं रखेंगें। लोकल वालों को रोजगार दें। विकास हो रहा है।
499. भरत सिंह, – मेसर्स एन.आर.टी.एम.टी. इण्डिया प्रा.लि. का समर्थन करता हूँ।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने कहा कि यदि कोई ग्रामीणजन, आस–पास के प्रभावित लोग अपना पक्ष रखनें में छूट गये हो तो मंच के पास आ जाये। जनसुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। उन्होने पुनः कहा कि कोई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधी छूट गये हो तो वो आ जाये। इस जन सुनवाई के दौरान परियोजना के संबंध में बहुत सारे सुझाव, विचार, आपत्ति लिखित एवं मौखिक में आये है जिसके अभिलेखन की कार्यवाही की गई है। इसके बाद 4:15 बजें कंपनी के प्रतिनिधि/पर्यावरण कंसलटेंट को जनता द्वारा उठाये गये ज्वलंत मुद्दो तथा अन्य तथ्यों पर कंडिकावार तथ्यात्मक जानकारी/स्पष्टीकरण देने के लिये कहा गया।

कंपनी कंसलटेंट श्री महेश्वर रेड्डी द्वारा बताया गया कि ये प्रस्तावित परियोजना में इसे आपग्रेड कर 7 से 12 टन किया जायेगा। वर्तमान में बिलेट्स बनाके फन्रेस में कर रोलिंग किया जायेगा। रोलिंग में हॉट चार्जेस लगाया जा रहा है। इसमें पॉल्यूशन कुछ भी नहीं होता है। लोकल लोगो को नोकरी दिया जायेगा। गांव में पेड़ पौधे लगाया जायेगा। इण्डस्ट्रीयल पार्क में पंचायत का कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। स्वास्थ्य के लिये हेल्थ चेकअप गांव में किया जायेगा। बैग फिल्टर सिस्टम लगाया गया है। ई.आई.ए. रिपोर्ट में हमने हाथी कारीडोर के बारे में लिखा है। जिसमें 40 लाख का बजट फॉरेट डिपार्टमें को दिया जायेगा हमने दर्शया है।

सिलिकोशिशि नॉमल होता है क्वार्टज मटेरियल होता है इसमें मेटिंग के दौरान सिलिकोशि का कोई चान्स नहीं है। इसमें कोई कार्बन डाई ऑक्साईट नहीं होता। 45 दिन का नियम रखा है मिनिस्ट्री नें। ये कोई नियम का उल्लघन नहीं है।

राधेश्याम शर्मा के द्वारा कहा गया है कि सॉट शमरी से क्या पुरे ई.आई.ए. को पढ़ा जा सकता है। कम्प्लीट ई.आई.ए. रिपोर्ट क्षेत्रीय भाषा में होनी चाहिए। जिस ग्राम से सेम्पल लेते है उस गांव के सरपंच लोगो का पंचनामा होना चाहिए। 14 दिसम्बर के प्रावधान में प्रावधानित है।

सुनवाई के दौरान 04 अभ्यावेदन प्रस्तुत किये गये तथा पूर्व में 01 अभ्यावेदन प्राप्त हुये है। संपूर्ण लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी की गई। लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरण क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा पढ़कर सुनाया गया। तत्पश्चात सायं 4:45 बजे धन्यवाद ज्ञापन के साथ लोकसुनवाई की समाप्ति की घोषणा की गई।

(एस.के. वर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़

3/3/21
(आर.के. कटारा)
अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)